दिनांक–02.02.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में मेंसर्स टचस्टोन द्वारा निर्मित मिनी जलापूर्ति योजना अंतर्गत एकरारनामा संख्या–SBD-01/2014-15 तथा SBD-01/2018-19 के संबंध में क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ आहूत समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:–

❖ कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर तथा ढाका द्वारा बताया गया कि SD की राशि वापस कर दी गयी है। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र भी लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया को दिया जा चुका है। कार्यपालक अभियंता, सिवान द्वारा बताया गया कि एजेंसी को SD की देय राशि 15.85901 लाख रूपये वापस कर दी गयी है।

अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता।

❖ कार्यपालक अभियंता, मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया कि O&M मद् में 2.2 लाख रूपये राशि की आवश्यकता है। कार्यपालक अभियंता, मोतिपुर द्वारा बताया गया कि O&M मद् में 6.12 लाख रूपये राशि एवं DB मद् में 10.47957 लाख रूपये राशि की आवश्यकता है तथा उनके द्वारा कुछ राशि प्रत्यर्पण करने की भी सूचना दी गयी। इस संबंध में प्रत्यर्पित राशि के विरूद्ध अधियाचना (साक्ष्य सहित) मुख्यालय को उपलब्ध कराने हेतु उन्हें निदेशित किया गया।

अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।

❖ कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी द्वारा बताया गया कि 17 योजनाओं में से 9 योजना को पूर्ण कर लिया गया है। पूर्व में संवेदक को 18.14014 लाख रूपये अधिक भुगतान हो चुका है तथा SD की राशि 13.11012 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है एवं 15.98012 लाख रूपये एजेंसी से वसुलनीय है। कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि संवेदक को अधिक भुगतान की गयी राशि प्रमंडल में जमा करने के संबंध में पत्र निर्गत करने हेतु निदेशित किया जाय। साथ ही कार्यपालक अभियंता, सीतामढ़ी को निदेश दिया गया कि कार्यपालक अभियंता, शिवहर के साथ अधिक वसूलनीय राशि का सत्यापन कर उक्त मामले का निस्तारण जल्द से जल्द करेंगे।

अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।

❖ कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर द्वारा बताया गया कि शेष SD की देय राशि 5.59056 लाख है एवं बकाया विपत्र की राशि से संबंधित 19.9380 लाख रूपये राशि का अधियाचना मुख्यालय में प्राप्त है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, शिवहर को निदेशित किया गया कि अधियाचित राशि प्राप्त होने के पश्चात कार्यपालक अभियंता, सीतामढ़ी द्वारा एजेंसी से वसूलनीय राशि हेतु अग्रतर कार्रवाई करेंगे।

अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।

❖ कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा, मधुबनी, गोपालगंज, समस्तीपुर एवं मोतिहारी द्वारा बताया गया कि शेष SD की देय राशि एजेंसी को वापस किया जाना है। इस सबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को एक सप्ताह के अंदर इसे बंद करने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता।

❖ कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा द्वारा बताया गया कि SD की राशि वापस करने हेतु अधियाचना मुख्यालय को समर्पित किया गया है। विदित हो कि PFMS भुगतान की स्थिति में SD की राशि मुख्यालय में संधारित है। कार्यपालक अभियंता, गोपालगंज को SD की राशि वापस करने हेतु आवश्यक अभिलेख के साथ अधियाचना मुख्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता।

❖ कार्यपालक अभियंता, बेतिया को सभी संबंधित प्रमंडलों से NOC प्राप्त कर एकरारनामा को यथाशीघ्र बंद करने हेतु निदेशित किया गया।

अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

(हस्ताक्षर) 06/1/26

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार

ज्ञापांकः– 6/वि०-1066/16-161 दिनांक– 7/02/26

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/संबंधित अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार/संबंधित सहायक यांत्रिक अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 6/1/26

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार

ज्ञापांकः– 6/वि01–1066/16–161 दिनांक–7/02/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0) के कोषांग/अपर सचिव के कोषांग/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ।

ह0/07/02/26

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार

ज्ञापांकः– 6/वि01–1066/16–161 दिनांक–7/02/26

प्रतिलिपिः–विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/07/02/26

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार